# UNIVERSITY NEWS 21 AUGUST 2026

AMRIT VICHAR

## लविवि में एनसीसी भर्ती कल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एनरोलमेंट 2026 की भर्ती प्रक्रिया का आयोजन कल किया गया है। सुबह 7 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के एथलेटिक ग्राउंड में इसका आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष स्नातक के किसी भी कार्यक्रम में नवप्रवेश लेने वाले पात्र छात्र-छात्राएं एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया का आयोजन 64 यूपी बटालियन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में निरीक्षण में किया जाएगा।

DAINIK JAGRAN

## सीट आवंटन जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के 25 विषयों में अलग-अलग चरणों का सीट आवंटन जारी किया है। अभ्यर्थी शुक्रवार को इसे देखकर 23 अगस्त को सुबह 10 बजे तक सीट कंफर्मेशन फीस जमा कर सकते हैं। इसके अलावा बीएससी बायोलाजी में पांचवां सीट आवंटन भी जारी कर दिया गया है, जिसमें फीस जमा करने का मौका 23 अगस्त तक है। वि.

## अभिलेख सत्यापन आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में जिन अभ्यर्थियों ने पीजी कोर्सों में प्रवेश ले लिया है और उनको सीट आवंटन पत्र जारी हो गया है, उनका अभिलेख सत्यापन शुक्रवार को होगा। अभ्यर्थी संबंधित विभाग में अपनी फीस रसीद और प्रोविजनल आवंटन पत्र के साथ दोपहर 12 बजे सत्यापन के लिए पहुंचें। वि.

HINDUSTAN

## एलयू में पीजी का दस्तावेज सत्यापन आज

लखनऊ। एलयू ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश में अस्थायी सीट आवंटन पत्र प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच का कार्यक्रम जारी किया है। विश्वविद्यालय की सूचना के अनुसार संबंधित अभ्यर्थियों को 21 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे तक दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। अभ्यर्थियों को अस्थायी सीट आवंटन पत्र, शुल्क रसीद, सभी मूल प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र तथा इनकी एक स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लानी होगी।

## पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश के लिए सीट आवंटन दो को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 में पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश के लिए ऑनलाइन परामर्श प्रक्रिया के तहत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सीट आवंटन परिणाम जारी करने की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार परिणाम 21 अगस्त 2026 को जारी किया जाएगा। सीट आवंटन विभिन्न चरणों में किया गया है। इसमें पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मानवशास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, सांख्यिकी, रसायन विज्ञान आदि विषय हैं।

## बीएससी जीव विज्ञान का पांचवां आवंटन जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी जीव विज्ञान की पांचवीं सीट आवंटन प्रक्रिया की सूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार योग्यता सूची के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रपत्र संख्या की सहायता से 21 अगस्त 2026 को दोपहर 2 बजे के बाद सीट आवंटन देख सकेंगे। आवंटित सीट पर प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन सीट पुष्टि शुल्क 2 अगस्त तक जमा करना होगा।

## बीसीए विभाग के कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में बीसीए विभाग के नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कान्य कुब्ज कॉलेज समिति की उपाध्यक्ष शिखा शुक्ला और लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. पुनीत मिश्रा ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिखा शुक्ला ने कहा कि अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब छात्र-छात्राओं को तकनीकी कौशल और कंप्यूटर ज्ञान हासिल करने की दिशा मे मील का पत्थर साबित होगी।

## एलयू में महिलाओं के स्वास्थ्य पर सेमिनार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, इंडियन योग फेडरेशन तथा उत्तर प्रदेश नेचुरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवंबर से 1 दिसंबर 2026 तक 22वें राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य विषय महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका रखा गया है। योग संकाय के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ शिरकत करेंगे।

HINDUSTAN

## एलयू में 22 अगस्त को एनसीसी भर्ती

लखनऊ। एलयू के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एनरोलमेंट 2026 की भर्ती प्रक्रिया 22 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया विश्वविद्यालय के एथलेटिक ग्राउंड में सुबह 7 बजे से शुरू होगी। इस वर्ष स्नातक में नवप्रवेश लेने वाले पात्र छात्र-छात्राएं इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे।

एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, साहस और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। 64 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के जरिए राष्ट्रीय शिविरों और अन्य कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जाता है।

AMAR UJALA

## लविवि में कल से होगी एनसीसी भर्ती

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एनरोलमेंट-2026 की भर्ती प्रक्रिया 22 अगस्त को होगी। भर्ती सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के एथलेटिक ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष स्नातक के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया 64 यूपी बटालियन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव के निरीक्षण और मार्गदर्शन में होगी। चयन के लिए अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण और लिखित परीक्षा से गुजरना होगा। छात्राओं को 400 मीटर और छात्रों को 800 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी। इसके बाद स्वास्थ्य मानकों और ऊंचाई की जांच की जाएगी। लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता, सामयिकी, रक्षा अध्ययन और एनसीसी से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। (संवाद)

## महिला स्वास्थ्य पर आधारित होगा सेमिनार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 नवंबर और एक दिसंबर को 22वें राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। इसका आयोजन विश्वविद्यालय का योग विभाग और फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन मिलकर कर रहे हैं। इंडियन योग फेडरेशन और यूपी नेचुरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन भी इसमें सहयोगी हैं। सेमिनार का मुख्य विषय महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की भूमिका है। योग संकाय के कोआर्डिनेटर अमरजीत यादव ने बताया कि इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से योग विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए हैं। (संवाद)

NBT

## 31 तक बढ़ी LURN पंजीकरण की अंतिम तारीख

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रीकृत स्नातक (UG) और परास्नातक (PG) प्रवेश प्रक्रिया के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (LURN) के पंजीकरण की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 31 अगस्त तक पंजीकरण करा सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तारीख 15 अगस्त तय की गई थी। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों के लिए LURN पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर दिए गए 'समर्थ' पोर्टल के लिंक के माध्यम से ही LURN पंजीकरण कर सकते हैं।



AI Image

DAINIK JAGRAN

## लखनऊ विश्वविद्यालय : एनसीसी में भर्ती 22 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से भर्ती प्रक्रिया का आयोजन 22 अगस्त को सुबह सात बजे एथलेटिक ग्राउंड में किया जाएगा। इस वर्ष स्नातक के किसी भी पाठ्यक्रम में नवप्रवेश लेने वाले पात्र छात्र-छात्राएं एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।

64 यूपी बटालियन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डा. रजनीश कुमार यादव ने बताया कि चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में होगी। शारीरिक परीक्षण के अंतर्गत छात्राओं को 400 मीटर और छात्रों को 800 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। वि.

AMRIT VICHAR



प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं को क्लोजप कम्पोजीशन तकनीक की जानकारी फोटोग्राफी के माध्यम से देती तनुश्री श्रीवास्तव।

## आर्ट्स कॉलेज में दूसरे दिन प्रदर्शनी देखने पहुंचे विद्यार्थी

■ अमृत विचार, लखनऊ : विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट हॉल मे अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी छात्र-छात्राओं की भीड़ रही। प्रदर्शनी का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया था जिसमे देशभर के 80 प्रतिभागियों के 155 चयनित छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इनमे 43 श्वेत-श्याम तथा शेष रंगीन छायाचित्र हैं। प्रतिभागियों मे महाविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं पूर्व छात्र तथा देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े छायाकार और छायाचित्र प्रेमी शामिल हैं। प्रदर्शनी मे कॉलेज से जुड़े प्रख्यात कलाकार एवं शिक्षाविद् प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल एवं प्रो. पीसी लिटिल के छायाचित्र भी प्रदर्शित हैं। इस वर्ष की प्रदर्शनी प्रख्यात छायाकार रघु राय की स्मृति को समर्पित की गई है। इसके अलावा फोटोग्राफी से जुड़ी ऐतिहासिक ग्रंथों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है।

AMRIT VICHAR



कंप्यूटर लैब के उद्घाटन पर संबोधित करती शिखा शुक्ला।

## कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय मे बीसीए विभाग के नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कान्य कुब्ज कॉलेज समिति की उपाध्यक्ष शिखा शुक्ला और लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. पुनीत मिश्रा इसका फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिखा शुक्ला ने कहा कि अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब मे छात्र-छात्राओं के लिए तकनीक कौशल एवं कम्प्यूटर ज्ञान प्राप्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रो. पुनीत मिश्रा ने कहा कि टेक्नोलॉजी, मोबाइल और कंप्यूटर का प्रयोग हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. केके शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।